प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 15.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **द्वितीय जेपीएससी घोटाला मामले में आरोपियों की आज सीबीआई कोर्ट में होगी पेशी, सीबीआई ने 70 लोगों को बनाया आरोपी।**

2. **झामुमो के 13वें महाधिवेशन का आज दूसरा और अंतिम दिन, 1932 खतियान नीति, ओबीसी आरक्षण और सरना कोड लागू करने जैसे प्रस्तावों पर लगेगी मुहर।**

3. **रिम्स शासी परिषद की 59वीं बैठक आज, स्वास्थ मंत्री की अध्यक्षता में डॉक्टरों की पदोन्नति, नई नियुक्ति और मेडिकल सुविधाओं पर लिए जाएंगे फैसले।**

4. **झारखंड हाईकोर्ट और जिला कोर्ट की सुरक्षा को लेकर आज होगी समीक्षा बैठक, न्यायालयों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर की जाएगी चर्चा।**

5. **आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज शाम पंजाब किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा**

****************

द्वितीय जेपीएससी घोटाला मामले में आरोपियों की पेशी आज सीबीआई कोर्ट में होगी। सीबीआई ने इस मामले में 70 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें कई, वर्तमान में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। 12 वर्षों की जांच के बाद 26 नवंबर को विशेष कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी।

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन का दूसरा दिन आज रांची में जारी है। इस अधिवेशन में झारखंड समेत 9 से अधिक राज्यों से लगभग 4000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कार्यकारी अध्यक्ष पद को समाप्त कर हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पहले दिन संगठनात्मक और राजनीतिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति, ओबीसी आरक्षण और सरना धर्म कोड लागू करना शामिल हैं। आज महाधिवेशन के अंतिम दिन इन संशोधनों पर अंतिम मुहर लगाई जा सकती है।

****************

राजधानी रांची स्थित रिम्स में कैंसर मरीजों की जांच के लिए जल्द ही पीपीपी मोड पर पैट स्कैन मशीन और थैलियम स्कैन की सुविधा शुरू की जाएगी। आज स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रिम्स शासी परिषद की 59वीं बैठक होगी, जिसमें 28 एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में 100 डॉक्टरों की पदोन्नति, टेक्नीशियन के 80 पद सृजन, पीडीसीसी/पीडीएएफ कोर्स शुरू करने और एमएससी नर्सिंग कोर्स को मंजूरी देने पर फैसला होगा। साथ ही, डीम्ड यूनिवर्सिटी के प्रस्ताव और हेल्थ मैप–मेडॉल के करार की समीक्षा भी की जाएगी।

****************

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के अंतर्गत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से चयनित स्टार्टअप क्यू एन यू लैब्स ने कल विश्व क्वांटम दिवस पर दुनिया के पहले प्लेटफॉर्म क्यू शील्ड का शुभारंभ किया।

****************

अमरीका द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स पर अस्थायी टैरिफ राहत और टैरिफ में छूट की संभावना के सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच बम्बई शेयर बाजार का सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर के कारोबार में दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स एक हजार 586 अंक बढ़कर 76 हजार 744 पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 479 अंक की वृद्धि के साथ 23 हजार 308 पर पहुंच गया।

****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 87 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 2 हजार 2 सौ रुपये प्रति किलो है।

****************

बिलासपुर रेल मंडल में चौथी और पांचवीं लाइन के कमीशनिंग कार्य के कारण चक्रधरपुर रेल मंडल से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनें 24 अप्रैल तक रद्द कर दी गई हैं। रद्द की गई ट्रेनों में गीतांजली एक्सप्रेस, समरसता एक्सप्रेस, टाटा–बिलासपुर एक्सप्रेस समेत कई लंबी दूरी की ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य लें।

****************

झारखंड हाईकोर्ट और जिला अदालतों में सुरक्षा को लेकर आज पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक होगी। इसमें सभी जोनल आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी शामिल होंगे। बैठक में न्यायालय परिसरों की सुरक्षा मजबूत करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और आगंतुक निगरानी प्रणाली लागू करने की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, हाई कोर्ट परिसर में नियमित गश्ती और सुरक्षा ढांचे के निर्माण को लेकर भी चर्चा होगी।

****************

साहिबगंज जिले के बरहरवा जीआरपी थाना ने चार लाख बारह हजार रुपये के जाली नोट के साथ पंजाब के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसआई बुद्धेश्वर उरांव ने जानकारी दी कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पूछताछ के बाद बैग की तलाशी ली, जिसमें 500 रुपये के जाली नोट के बंडल बरामद हुए।

****************

चतरा जिले में आज जिला खनिज फाउंडेशन प्रशिक्षण भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा, जिसका उद्घाटन उपायुक्त रमेश घोलप करेंगे। उपायुक्त ने पदाधिकारियों, कर्मियों, पत्रकारों और स्वयंसेवियों से शिविर में भाग लेने की अपील की है।

****************

भारत से हज़ यात्रा पर जाने वाले हजयात्रियों का कोटा बढ़ाकर इस वर्ष एक लाख 75 हजार कर दिया गया है। 2014 में यह संख्या एक लाख 36 हजार थी। सोशल मीडिया पोस्ट में अल्प संख्यक मामलों के मंत्रालय ने बताया कि वह भारत की हज़ समिति के माध्यम से मुख्य कोटा के तहत एक लाख बाइस हजार से ज्यादा हजयात्रियों की यात्रा का प्रबंध कर रहा है।

****************

बोकारो जिले के अभिभावक निजी विद्यालयों की फीस बढ़ोत्तरी की कथित मनमानी से आक्रोशित हैं। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक अपने बच्चों की आगे की शिक्षा जारी रखने को लेकर चिन्चित हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****************

पलामू जिले के हुसैनाबाद में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा चोरी होने से गुस्साए ग्रामीणों ने जपला–छतरपुर मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। वे जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी और प्रतिमा फिर से स्थापित करने की मांग कर रहे हैं।

****************

पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड में मौसम में बदलाव हुआ है। पूरे राज्य में बारिश, तेज हवा, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने 18 अप्रैल तक ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों से सावधान रहने की अपील की गयी है।

****************

आईपीएल टी–ट्वेन्टी क्रिकेट में आज चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

*********समाप्त*************